प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
24.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने कहा– सहारा योजना को जारी रखेगी सरकार– योजना के नियमों में होगा संशोधन।
- विधानसभा में पुलिस व कानून व्यवस्था पर लाए गए कटौती प्रस्ताव पर सदन में हंगामा– विपक्ष ने किया वॉकआउट।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों की कम संख्या पर जताई चिंता।
- विश्व तपेदिक दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित– टीबी मुक्त पंचायतें सम्मानित।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार पूर्व की भाजपा सरकार की सहारा योजना जारी रखेगी, लेकिन इसके नियमों में संशोधन किया जाएगा। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधायक सतपाल सिंह सत्ती, रणधीर शर्मा व सुरेश कुमार के संयुक्त प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को एसडीएम के निर्देश पर सीएमओ प्रमाणपत्र जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना पर 40 करोड रूपए बजट जारी किया गया है। इससे पहले मूल सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश में 33 हज़ार एक सौ 81 पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत पैंशन का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के 11 सौ मामले लंबित हैं। शांडिल ने कहा कि वर्तमान में फरवरी 2025 तक 34 हजार 2 सौ 92 लाभार्थी इस योजना से पंजीकृत है और 13 हजार 8 सौ 95 लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है। विधायक सतपाल सत्ती और रणधीर शर्मा के संयुक्त सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि सहारा योजना के तहत चार हजार रुपए प्रति माह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई पात्र लोगों के दस्तावेज पूरे नहीं हैं और सभी दस्तावेज पूरे होने पर उन्हें पैसा जारी हो जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार बद्दी–नालागढ़– पिंजौर सडक़ के निर्माण का मुद्दा केंद्र के समक्ष उठाएगी। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अनुपस्थिति में विधायक हरदीप सिंह बावा के सवाल के जवाब में हस्तक्षेप करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र से इस बारे में बातचीत कर सडक़ का निर्माण कार्य समयबद्ध पूरा करने का आग्रह किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि नालागढ़–बद्दी –पिंजौर सडक़ का काम अटका हुआ है और काम की रफ्तार धीमी होने से लोग परेशान हैं। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ठियोग– कुमारसैन विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन कुरपन उठाऊ पेयजल योजना का काम साल 2026 तक पूरा होगा। विधायक कुलदीप राठौर के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस योजना का काम पूरा करने के लिए अभी 45 करोड़ और चाहिए।

कटौती प्रस्ताव

प्रदेश विधानसभा में बजट अनुमानों 2025–26 को लेकर विपक्ष द्वारा पुलिस और कानून व्यवस्था पर लाए गए कटौती प्रस्ताव पर सदन में खूब हंगामा हुआ। विपक्ष ने बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में खनन माफिया, फिरौती व गोलीकांड जैसी घटनाएं हर रोज हो

रही हैं। पंजाब में बसों के रूट सस्पेंड करने पड़े हैं और एच.पी.पी.सी.एल. के ईमानदार अधिकारी की संदिग्ध मृत्यु हो गई है लेकिन सरकार मामलो में जांच के बजाय उन्हें दबाने में लगी है। विपक्ष ने विमल नेगी मौत की सीबीआई जांच की मांग की। इसके जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल ठीक है और विमल नेगी मामले में विपक्ष राजनीतिक लाभ लेना चाहता है। उन्होंने कहा कि सीबीआई व ईडी भाजपा के हाथ में है और पूर्व सांसद रामस्वरूप आत्महत्या में सीबीआई जांच क्यों नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विमल नेगी के परिवार वाले सरकार की जांच से खुश हैं। इस पर विपक्ष ने सदन में नारेबाजी की और सदन से बाहर चले आए। बाद में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एच.पी.पी.सी.एल. में बड़े भ्रष्टाचार के उजागर होने के डर से सरकार सीबीआई जांच से भाग रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विमल नेगी के परिवार वालों पर सीबीआई जांच न करने का दबाव बना रही है।

## इमरजेंसी लैंडिंग

शिमला के समीप जुब्बड़हट्टी स्थित हवाई अड्डे में आज सुबह दिल्ली से शिमला पहुंची फ्लाइट की एमरजैंसी लैंडिग की गई। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इसी फ्लाइट में दिल्ली से शिमला लौट रहे थे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट का रनवे पहले ही छोटा है और इसी वजह से एमरजेंसी ब्रेक लगानी पड़ी।

## आर्ट प्रदर्शनी

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों की कम हो रही संख्या पर चिंता जताते हुए कहा है कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठा रही है। वे आज शिमला के गेयटी थियेटर में प्रदेश विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट विभाग की वार्षिक आर्ट प्रदर्शनी चित्र कथा 2025 के उद्‌घाटन अवसर पर बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि बीस वर्ष पहले सरकारी स्कूलों में पहली से आठवी तक बच्चों की संख्या साढ़े नौ लाख थी जो अब घट कर साढ़े चार लाख हो गई है यानि 55 फीसदी दाखिले कम हो गए हैं।

## तपेदिक दिवस

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के उन्मूलन, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है "हां, हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं– प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयास"। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर लोगों से टीबी को खत्म करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता का आह्वान किया है। इधर प्रदेश में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोलन में आयोजित एक कार्यक्रम में उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने ज़िले की 35 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित होने पर सम्मानित किया। इन पंचायतों को केंद्र द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप टीबी मुक्त घोषित किया गया है। उधर कुल्लू ज़िला मुख्यालय स्थित ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। इस दौरान एक रैली निकालकर लोगों को क्षय रोग के बचाव के बारे में जागरूक किया गया। इस बीच ऊना में आयोजित एक कार्यक्रम में उपायुक्त जतिन लाल ने निःक्षय शिविर सौ दिन अभियान में बेहतर कार्य करने वाली एक सौ 5 पंचायतों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

''मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री ने कहा– सहारा योजना को जारी रखेगी सरकार– योजना के नियमों में होगा संशोधन।
- विधानसभा में पुलिस व कानून व्यवस्था पर लाए गए कटौती प्रस्ताव पर सदन में हंगामा– विपक्ष ने किया वॉकआउट।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों की कम संख्या पर जताई चिंता।
- विश्व तपेदिक दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित– टीबी मुक्त पंचायतें सम्मानित।